हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025


तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

12 खेतों में किसानों की चहल–पहल बढ़ी, ग्रामीण इलाकों में लौटी रौनक



12 देशप्रेम के सुरों और जयघोषों से गूंज उठा नारायणपुर का आसमान





## खबर संक्षेप

### बाजार में सब्जियों की आवक बढ़ने से गिरे दाम

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियों सस्ती हुई। रविवार को बाजार में टमाटर 25, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो बिक रहा। लालभाजी 20 रूपए में 10, पालकभाजी 20 रूपए में 8 जूड़ी बिक रहा है।

### बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा का धरना प्रदर्शन होगा आज

**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने जारी बयान में कहा है कि बस्तर के जनहितेषी मुद्दों पर 30 सूत्रीय मांगों को लेकर 10 नवंबर को जगदलपुर में पूरे संभाग से पहुंचे पदाधिकारी एवं कार्यकतार्ओं के साथ आदिवासी ग्रामीणों की उपस्थिति में धरना दिया जाएगा। विशेष रूप से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी उपस्थित रहेंगे। मोर्चा एवं पार्टी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। जिसमें नगरनार स्टील प्लांट संचालन से बस्तर विकास के लिए नगरनार जगदलपुर विकास प्राधिकरण गठन की मांग, बस्तर के खनिज संपदा पर उद्योगपति को उत्खनन का लीज, स्थानीय स्तर पर रोजगार, भारतीय संविधान का आर्टिकल 25 बस्तर में बहाल किया जाए, बस्तर के सभी जिले में जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल को आधुनिक मशीनों से लेस कर सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों, तकनिकी पदों की नियुक्ति समेत अनेक मुद्दो को लेकर धरना प्रदर्शन होगा।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री से मिले आयोग अध्यक्ष



**जगदलपुर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से रायपुर एयरपोर्ट पर छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने सौजन्य मुलाकात की। साथ ही ओडिशा में रहने वाले जनजातियों के संबंध में वहां की सरकार के द्वारा की गई व्यवस्था और योजनाओं पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि अविभाजित मध्यप्रदेश के समय दंडकारण्य क्षेत्र में बस्तर और ओडिसा का कोरापुट जिला आता था। दोनों प्रदेश के जनजातीय समुदाय में काफी समानताएं हैं।

**कार्रवाई:** आरोपियों से लगभग 20 लाख का सामान जब्त, सीसीटीवी फुटेज तालाब में फेंक देते थे

# 2 बांग्लादेशी लाखों के सामान के साथ गिरफ्तार, ओडिशा के सासाहांडी से बस्तर आकर वारदात को देते थे अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





चोरी करने वाले 2 बांग्लादेशी लाखों के सामान के साथ गिरफ्तार किए गए है। दोनों ओडिशा के सासाहांडी में सालभर से रह रहे थे। मुख्य आरोपी आबुल शेख उर्फ शेख शमीर उर्फ बाबू शेख पूर्व में भी चोरी के मामले में गिरफ्तार हो चुका है । चोरी में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त किया गया है। आरोपी पडोसी राज्य ओडिसा में रहकर घटना को अंजाम देते थे । दोनों आरोपियों के निवास एवं अन्य अपराध में संलिप्तता की विधिवत जांच की जा रही है। बस्तर जिले के सनसिटी, धरमपुरा महावीर नगर, कंगोली, नाईकगुड़ा बस्तर, बोधघाट याना क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी के आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। बबलू चंद्र दास निवासी बांग्लादेश वर्तमान पता पतिराम दिनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल पता सासाहांडी कोरापुट ओडिशा है।

- वारदातों में तरीका समान होने से पुलिस ने सूत्र जोड़कर मुखबिर के सहारे आरोपियों को दबोचा

एसपी शलभ सिन्हा ने पत्रवार्ता में रविवार को चोरी के मामले का खुलासा करते बताया गया कि थाना कोतवाली, थाना परपा, थाना बस्तर तथा थाना बोधघाट में प्रार्थी के द्वारा रिपोर्ट किया गया कि उनके घर में रात्रि में प्रवेश कर घर में रखे सोना चांदी के जेवर एवं नकदी रकम को चोरी हुई हैं। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक ने जिले में हो रहे लगातार चोरी को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के पता तलाश हेतु टीम गठित किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार एवं उप पुलिस अधीक्षक साइबर गीतिका साहु के निर्देशन में सभी चोरी के वारदातों का बारीकी से विश्लेषण किया गया। सभी घटना स्थलों के आसपास का सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किये गए। आरोपियों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद घर में लगे सीसीटीवी फुटेज डीव्हीआर को निकाल कर ले जाया गया था और तालाब में फेंक देते थे। जिसे पुलिस ने तालाब से जब्त किया। जांच में सभी घटनायें एक ही तरीका का वारदात होना पाया गया। घटना स्थलों के बिन्दुओं को जोड़ते हुए पुलिस ने यह पाया गया कि सभी चोरियों को एक ही गिरोह द्वारा अंजाम दिया गया है।

जांच एवं पतासाजी में कुछ लोग संदिग्ध पाये गये जिनका मुखबिर लगाकर पता तलाश किया गया। मुखबिर से संदेहियों की सूचना प्राप्त हुई। साइबर सेल से तकनीकी सहायता लेकर संदेही आबुल शेख उर्फ शेख शमीर उर्फ बाबू शेख को आड़ावाल से पकड़ा गया। जिनसे बारिकी से पुछताछ करने पर अपना अपराध करना स्वीकार किया। तत्पश्चात मेमोरण्डम लिया गया चोरी किये सामान को अपने घर सासाहांडी उड़सिा में रखना उसने बताया जिसे जप्त किया गया। जब्त किये गए सोना, चांदी के जेवर तथा नगदी रकम की कुल अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपए है।

**कार्रवाई में इनकी रही मुख्य भूमिका :** निरीक्षक तारिक हरिश, सुरेश जांगड़े, भोलासिंह राजपुत, दिलबाग सिंह, गौरव तिवारी, प्र.आर. मौसम गुप्ता, आरक्षक गौतम चंद सिंहा, सोनू गौतम, प्रदीप कश्यप, हेमचंद मौर्य बलराम राणा, बलराम कश्यप, धनसिंह सोनवानी, महेन्द्र पटेल, शैलेष राज, महंगू राम कश्यप, सामदेव कश्यप, अमर सिंह बेसरा, कृष्ण कुमार नेताम, ओम प्रकाश साहनी, विक्रम कश्यप, शम्भू राम कश्यप की आरोपियों की पतासाजी करने और सामान जब्त करते में मुख्य भूमिका रही।

### जब्त सामान में आभूषण भी शामिल

बताया गया कि आरोपियों से जब्त सामान में सोने का हार 1 , सोने का चेन 1, सोने का लॉकेट 1 , नोज पिन 2, कान का टॉप्स 1, सोने का कंगन 1 जोड़ी, सोने की अंगूठी 1, सोने की बाली 1 जोड़ी, चांदी की पायल 3 जोड़ी, चांदी का कंगन (छोटा) 1 जोड़ी, नगदी 700 रू, एचएमटी का हाथ घड़ी 1 , ब्लूटूथ ईयरबट 1, झालर लाईट ब्लू कलर1, एक नग डीवीआर, सोने का हार 2, कान का टॉप्स 1, सोने की अंगूठी 4 , सोने का कंगन 1 जोड़ी, चांदी का पायल-2 जोड़ी, सोने का हार 1, सोने का झुमका 1 जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र 3 पत्ती वाला, सोने का फुल्ली 2, सोने का अंगूठी 2, चांदी का पायल 3 जोड़ी, नकदी 50 रू. का नोट 4 बंडल, नकदी-20 रू. का नोट 9 बंडल, नकदी 10 रू. का नोट 3 बंडल, 93000 (500186) रुपए नकद बरामद किया। कान का टॉप्स 1 जोड़ी, सोने की अंगूठी 1, चांदी का सिक्का 1 , चांदी का पायल 2 जोड़ी।

## एक ही रात में पांच मकानों के टूटे ताले



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर क्षेत्र में शनिवार रविवार की मध्य रात्रि बस्तर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 30 से लगे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जहां अधिकारी कर्मचारी सरकारी आवास में चोरों ने पांच मकान के ताला तोड़कर लाखों के जेवरात सोना चांदी सहित नकद राशि ले उड़े। इसके पूर्व भी दो बार लाखों रुपए के सोना चांदी नगद राशि चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। शनिवार और रविवार को अक्सर अधिकारी कर्मचारी छुट्टी पर अपने निवास चले जाते हैं। इसी दौरान सूने मकान में चोरी की घटना को चोरों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। आज पर्यन्त पता नहीं चल पाया नगर पंचायत बस्तर में दो माह के अंदर दर्जनों चोरी की घटना हो चुकी है। वही चोरी करके इम्तिहान से घटना को अंजाम देकर भाग रहे हैं।

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अंजू माला बीती रात जगदलपुर निवास गई थी। जिनके घर से मुख्य दरवाजा ताला तोड़कर आलमारी लॉक तोड़कर सोने की अंगूठी, पायल बिछिया मोबाइल दो नग और नकद राशि बीस हजार चोरी की घटना हुई।अलमारी के अंदर पड़ा पुरा सामान बिखरा पड़ा था। इस बिल्डिंग में नीचे इंद्र कुमार महिश्वरी स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ है उनका बेटा बहु रहते हैं। शनिवार को जगदलपुर गए थे। उनके यहां भी ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने के दो रिंग,मंगलसूत्र दो नग,पायल तीन,सीकरी सोने की, लॉकेट सोने की, नगद राशि छः हजार लगभग चोरों ने घटना को अंजाम दिया। इसी बिल्डिंग में तीसरी चोरी एच वन में महिला बाल विकास विभाग में पदस्थ रमेश नेताम के यहां आलमारी खोलकर तोड़फोड़ कर किया गया जो कुछ नहीं मिलने पर सामान बिखेर के चले गए। दूसरी बिल्डिंग में ▶▶| शेष पेज 12 पर

# उपमुख्यमंत्री पहुंचे गीदम के साप्ताहिक बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज गीदम पहुंचे। जहां उन्होंने साप्ताहिक बाजार घूमकर जायजा लिया। बाजार में घूमते हुए ग्रामीणों और व्यापारियों से बातचीत की तथा उनका हाल चाल पूछा। व्यापारियों ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि शासन की नीतियों से अब व्यापार में सुगमता आई है। जीएसटी दरों में कमी से सामान सस्ते हुए हैं जिससे उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों को राहत मिली है। अब नक्सल भय समाप्त होने से निडर होकर बाजारों में अपना व्यापार कर रहे हैं और ग्रामीणों तक सही कीमत पर आवश्यक वस्तुएं पहुंच रही हैं।ग्रामीणों ने भी नक्सल समस्या के समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अब शांति और विकास की नई सुबह दिखाई दे रही है। नक्सली विचारधारा से भटके युवा अब मुख्यधारा में लौट रहे हैं जिससे बस्तर में स्थायी शांति की नींव मजबूत हो रही है। विजय शर्मा ने बाजार भ्रमण के दौरान स्थानीय फलों का स्वाद लिया और जनसाधारण से आत्मीयता से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बस्तर के विकास के लिए स्थायी शांति सबसे आवश्यक है और सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर आयुक्त डोमेन सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी उपस्थित रहे।

- सहज भाव से बाजार में लोगों से मिले
- व्यापारियों और ग्रामीणों ने चर्चा में बताया कि नक्सल भय दूर होने से आ रही शांति

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**किरंदुल।** एमएमडीसी किरंदुल के कर्मचारी पी.गनेश्वर राव पिता स्व. पी. कामेश्वर राव 55 वर्ष ने सूदखोरों से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पिछले महिने की 23 अक्टूबर को म.नं. टाइप 1-16 वार्ड 11 किरन्दुल में आत्महत्या की । वह एनएमडीसी परियोजना किरन्दुल में इलेक्ट्रिक विभाग में काम करता था। घर के सामने वाले कमरा में सुसाइड नोट मिला है।



थाना किरन्दुल में धारा 194 कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मृतक के फांसी लगाने एवं सुसाईड नोट की तश्दीक के लिए थाना प्रभारी संजय यादव के नेतृत्व में मृतक के परिजनों से पूछताछ कर कथन लिया गया। सुसाइड नोट में आरोपीगण द्वारा पैसों का लेन देन तथा पैसों को वापस मांगने के लिए दबाव बनाकर परेशान किया जा रहा था। मृतक के मानसिक रूप से परेशान होकर आत्महत्या करना पाये जाने पर थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक-68/2025 धारा 108, 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी रामचन्द्र जयसवाल उर्फ चन्दर सेठ आरईएस कॉलोनी बचेली हाल मेन मार्केट किरन्दुल एवं राजकुमार साव उर्फ कड़की मेन मार्केट वार्ड 8 किरन्दुल के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर 8 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक हेमशंकर गुनेन्द्र, हेमंत साहू, सउनि. के सीमाचलम, उत्तम धुव, प्रधान आर. हरीराम सिन्हा, आरक्षक सुभाष कुमार, मनोज साहू, अजय तेलाम, मकसूदन मण्डावी का विशेष योगदान रहा।

# डॉक्टर-नर्स सोते रहे, तड़पती रही मरीज, आखिर निकल गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का एक और दर्दनाक उदाहरण सामने आया है। ग्राम खोटलापाल निवासी 60 वर्षीय रामशिला की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में तड़प-तड़पकर मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और नर्स पूरी रात सोते रहे जबकि मरीज दर्द से कराहती रही।

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर की बड़ी लापरवाही उजागर

मृतका के पुत्र नारायण भारद्वाज ने बताया कि शनिवार को उनकी मां को तेज दर्द होने पर बस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने मलेरिया सहित अन्य जांचें कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन शनिवार की रात करीब 3 बजे उनकी मां की तबीयत अचानक बिगड़ गई। नारायण ने कई बार ड्यूटी रूम में जाकर डॉक्टर और नर्स को आवाज दी, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा वह बार-बार दरवाजा खटखटाता रहा मां दर्द से तड़पती रही लेकिन कोई देखने तक नहीं आया। सुबह 4 बजे मेरी मां ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। सुबह लगभग 6 बजे जब परिजनों ने फोन कर जानकारी दी, तब डॉक्टर और नर्स पहुंचे लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।सुबह 7 बजे जब मीडिया टीम अस्पताल पहुंची तो डॉ. सतीश ने बताया कि मरीज को शनिवार को भर्ती किया गया था और रविवार को उसकी मलेरिया सहित अन्य जांचें की जानी थीं।

### समय पर नहीं मिली चिकित्सा

परिजनों का कहना है कि अगर समय पर चिकित्सा सहायता मिल जाती तो रामशिला की जान बचाई जा सकती थी। यह घटना केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की संवेदनहीनता और विफलता को उजागर करती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि अस्पताल में रात के समय अक्सर कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं, जिससे आपातकालीन मरीजों को भारी परेशानी होती है।

### जांच की जाएगी

आप लोगों के माध्यम से ही यह मामला संज्ञान में आया है। जांच की जाएगी।

**एनएस नाग**
खंड चिकित्सा अधिकारी

**चिकित्सकों के लिए मानव स्वास्थ्य सेवा से बढ़कर, कोई खुशी नहीं : शर्मा**

# बस्तर और रायपुर के 18 चिकित्सकों ने सुदूर अंचल में स्वास्थ शिविर में किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बलिराम कश्यप स्मृति मेडिकल कॉलेज के चरक सभागार में मेडिकल कॉलेज के अध्ययनरत चिकित्सकों से संवाद करते हुए कहा कि सुरक्षा कैंपों के समीप संवेदनशील ग्रामों में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर एक नई पहल है।

- उप मुख्यमंत्री और विधायक ने चिकित्सकों से चर्चा कर उनकी पहल को सराहा

जो चिकित्सकों को बस्तर की जनता से जुड़ने के साथ एक अनोखा अनुभव का अवसर है। हमारे सुझाव को स्वीकार कर कॉलेज के डीन और उनकी टीम के द्वारा संवेदनशील ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। उन्होंने कहा स्वास्थय क्षेत्रों में सेवा देने में जो खुशी-आनंद की अनुभूति होगी वह पैसों से नहीं खरीदी जा सकती है। यहां चिकित्सकों के अलावा रायपुर के बड़े चिकित्सकों ने बस्तर में आकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। कालेज में तैयार हो रहे नए चिकित्सक भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा देने के लिए अपना मनोभाव जरूर बनाएं। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य शिविर में शामिल 18 सदस्यों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि सरकार बस्तर में शांति बहाली के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। इसके अलावा जनता के बीच बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने संवेदनशील ग्रामों में मेडिकल शिविर आयोजित करना नई पहल का स्वागत है। बस्तर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों का दल जिन्होंने स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया उन्हें बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा बस्तर प्राकृतिक सुंदरता वाले इलाके में कला, संस्कृति को जानने-समझने के साथ चिकित्सा सेवा देना एक बेहतरीन अवसर मिला। इस प्रकार के कार्यक्रम में सभी चिकित्सकों को जाना चाहिए, इसका बहुत अच्छा प्रभाव क्षेत्र की जनता को मिलेगा। कार्यक्रम में आईजी सुन्दरराज पी. ने भी चिकित्सकों को बधाई देते हुए आगे की कार्ययोजना पर स्वास्थ्य टीम, मेडिकल कालेज की टीम से चर्चा कर संवेदनशील क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, डीन डॉ प्रदीप बेक, अस्पताल अधीक्षक डॉ अनुरूप साहू सहित अध्ययनरत चिकित्सक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 280 बोरा अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



व्यापारियों द्वारा अवैध रूप से धान के संग्रहण और विक्रय को रोकने के लिए राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं कृषि उपज मंडी गीदम की संयुक्त टीम ने सघन जांच अभियान चलाया।

खाद्य अधिकारी कीर्ति कौशिक के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई नकुलनार एवं गंजेनार क्षेत्रों में की गई। जांच के दौरान मे. पासवान ट्रेडर्स नकुलनार के गोदाम से 250 बोरी धान तथा चंद्रपाल सिंह भदौरिया के गोदाम से 30 बोरी धान बिना वैध दस्तावेज के भंडारित पाए गए। कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के उल्लंघन के चलते कुल 280 बोरी धान जब्त कर लिया गया। वहीं मे. विपिन ट्रेडर्स गंजेनार में 30 क्विंटल और विवेक सिंह नकुलनार के गोदाम में 225 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया, जिसके लिए वैध बी-1 पंजी एवं कृषि उपज मंडी गीदम द्वारा जारी पर्ची प्रस्तुत की गई, जो जांच में सही पाई गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी धान खरीदी सीजन में किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध भंडारण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

इस कार्रवाई में कुआकोंडा तहसीलदार लीलाधर चंद्रा, नायब तहसीलदार केजाराम पटेल, मंडी उपनिरीक्षक बालमुकुंद यादव, तथा खाद्य निरीक्षक धीरेंद्र कश्यप, प्रमोद कुमार सोनवानी, और सचिन कुमार सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### आरती का राज्य स्तरीय वालीबाल स्पर्धा के लिए चयन



**कोण्डागांव।** शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव की एम.ए. की छात्र आरती ने खेल क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वालीबाल महिला प्रतियोगिता के लिए किया गया है। आरती उत्तर बस्तर सेक्टर की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह चयन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में आयोजित सेक्टर स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में आरती के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 12 नवम्बर 2025 तक शासकीय राधाबाई कन्या महाविद्यालय रायपुर में होगा जिसमें कुल 11 सेक्टरों की टीमें भाग लेंगी। खिलाड़ियों के लिए 8 से 10 नवम्बर तक नारायणपुर महाविद्यालय में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### नंगे पांव यात्रा पर निकले बिहार के अधिवक्ता ओमप्रकाश पहुंचे कोंडागांव



**कोण्डागांव।** बिहार के मधुबनी जिले के झंझारपुर निवासी 33 वर्षीय अधिवक्ता ओम प्रकाश यादव देशभर में अद्वितीय आस्था और संकल्प की मिसाल बनकर उभरे हैं। वे गंगोत्री धाम से लेकर रामेश्वरम तक की नंगे पांव पैदल यात्र पर निकले हैं जो उत्तर से दक्षिण तक भारत की एकता श्रद्धा और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती है। अधिवक्ता ओम प्रकाश यादव ने अपनी यह पवित्र पदयात्रा 11 सितंबर 2025 को गंगोत्री से आरंभ की। उन्होंने बताया कि यह यात्रा किसी राजनीतिक या प्रचार उद्देश्य से नहीं, बल्कि एक भारत एक संस्कृति एक भावना के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के लिए है।

# खेतों में किसानों की चहल–पहल बढ़ी, ग्रामीण इलाकों में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत सभी ग्रामीण इलाकों में इस समय धान कटाई का कार्य पूरे जोर–शोर से चल रहा है। किसान सुबह से ही खेतों की ओर निकल जाते हैं और देर शाम तक खेतों में मेहनत करते नजर आते हैं। हरवेल, डिहीपारा, तराईबेड़ा, बालेंगा, किबड़ा, धामनपुरी, तितरवंड, पिटीसपाल, पीढ़ापाल, गम्हरी, सोनपुर, खजरावंड और लिहागांव जैसे ग्रामों के खेतों में हर ओर सोने सी चमकती फसलों की कटाई का –श्य देखा जा सकता है। पातरीपारा में रविवार को किसानों को सामूहिक रूप से कटाई करते देखना एक मनमोहक दृश्य रहा।

■ किसान सुबह से शाम तक खेतों में जुटे

## ड़ेराजपुर क्षेत्र में धान कटाई जोर–शोर से शुरू

### बारिश से कुछ इलाकों में देरी की संभावना

दीपावली के बाद हुई हल्की बारिश से खेतों में नमी बढ़ गई है, जिसके कारण कुछ क्षेत्रें में कटाई में थोड़ी देरी हो सकती है। फिर भी किसान कृषि यंत्रों की मदद से धान की सफाई और पंख लगाने के कार्य में सक्रिय हैं। अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों में स्थानीय बाजारों में नई धान की आमद से फिर से रौनक बढ़ेगी। धान कटाई के इस मौसम में बड़ेराजपुर अंचल के खेतों में मेहनत, उम्मीद और खुशहाली का संगम दिखाई दे रहा है।



### दीपावली के बाद बढ़ी कटाई की रफ्तार

दीपावली के एक सप्ताह बाद से ही किसानों ने कटाई कार्य शुरू कर दिया है। अब देर से पकने वाली किस्मों की धान की कटाई भी प्रारंभ हो गई है। किसान खेतों और खलिहानों में नई फसल की तैयारी में जुट गए हैं। कटाई के साथ ही मजदूरों को भी काम मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में फिर से रौनक लौट आई है। किसानों का कहना है कि मोटी किस्म की धान लगभग तैयार हो चुकी है और जल्द ही बाजारों में नई फसल की आवक शुरू होगी।

समारोह: "नवा बस्तर नवा सवेरा" देशभक्ति संध्या में उमड़ा जनसैलाब

# देशप्रेम के सुरों और जयघोषों से गूंज उठा नारायणपुर का आसमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

नगर के हृदय स्थल पुराने बस स्टैंड परिसर में यूथ वेलफेयर सोसाइटी, नारायणपुर द्वारा "नवा बस्तर नवा सवेरा" के ध्येय वाक्य पर आधारित देशभक्ति संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और देर रात तक देशभक्ति के सुरों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।

मुख्य अतिथि विधायक एवं मंत्री केदार कश्यप के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही जनसैलाब ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पुष्पवर्षा, भव्य आतिशबाजी और "जय हिंद", "जय बस्तर" के नारों ने समूचे परिसर को देशभक्ति के रंगों में रंग दिया। उस क्षण पूरा नगर मानो एकता, उत्साह और गर्व का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन परंपरा अनुसार मां भारती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि श्री केदार कश्यप एवं विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। यूथ वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य श्री अभिषेक झा, सचिन जैन, अविनाश देवांगन एवं इशांत जैन ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, शाल और श्रीफल से स्वागत किया।

**प्रस्तुति में झूम उठा नगर आतिशबाजी और नारों ने रचा अद्भुत वातावरण**





### नन्हे कलाकारों ने दिखाया अद्भुत संतुलन

संगीत संध्या की शुरुआत इंडियाज गॉट टैलेंट के विजेता अबूझमाड़ मलखंभ एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के बच्चों की प्रस्तुति से हुई। उनकी अद्भुत लय, संतुलन और शक्ति से भरे प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऊँचे खंभों पर किए गए रोमांचक करतबों और पारंपरिक संगीत की ताल पर किए गए योगिक आसनों ने सभी को अचंभित कर दिया। यह प्रस्तुति बस्तर की मिट्टी में पल रही प्रतिभा और "नवा बस्तर नवा सवेरा" की भावना का सजीव उदाहरण बन गई। दर्शकों ने जोरदार तालियों से नन्हे कलाकारों का स्वागत किया।

### प्रकाश माली की गायकी में भक्ति और देशप्रेम का संगम

इसके पश्चात राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश माली ने मंच संभाला। उन्होंने "ऐ मेरे वतन के लोगों", "भारत माता की जय", "वंदे मातरम" जैसे गीतों के माध्यम से पूरा पंडाल देशप्रेम की भावना से भर दिया।

### नवा बस्तर नवा सवेरा बस्तर के आत्मगौरव का प्रतीक : कश्यप

अपने संबोधन में मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बस्तर की नवचेतना, जागरण और आत्मगौरव का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से समाज निर्माण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### शहीदों के परिजनों का सम्मान और स्मृति-चिह्न भेंट

इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने नारायणपुर की सुरक्षा और विकास में योगदान देने वाले शहीद जवानों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। अंत में आयोजन समिति की ओर से स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित चित्र स्मृति-चिह्न स्वरूप मंत्री कश्यप को भेंट किया गया।

### जयघोषों से गूंज उठा समापन समारोह

कार्यक्रम का संचालन यूथ वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने किया। अंत में 'भारत माता की जय' और 'जय बस्तर' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। देशभक्ति संगीत संध्या ने नारायणपुर की सांस्कृतिक पहचान और जनभावना को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया।

### राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश के साथ गूँजे देशभक्ति के नारे




**कोण्डागांव।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी, जिला कोण्डागांव की एन.एस.एस. इकाई जैतपुरी द्वारा यूनिटी मार्च एवं एकता शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य राजेश पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी ने स्वयंसेवकों को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके नेतृत्व, और देश की एकता एवं रियासतों के एकीकरण में उनके अमूल्य योगदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जिन्होंने भारत की अखंडता को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश सेवा में अपने योगदान की शपथ ली। यूनिटी मार्च के दौरान स्वयंसेवकों ने गाँव की गलियों में सरदार पटेल अमर रहें, कश्मीर हो या कन्याकुमारी, भारत माता एक हमारी जैसे देशभक्ति के गगनभेदी नारे लगाकर ग्रामीणों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।
यूनिटी मार्च के माध्यम से जैतपुरी के ग्रामीणों को राष्ट्रीय एकता और समरसता के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, एन.एस.एस. स्वयंसेवक एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारी का लिया जायजा, पहुंचीं मसोरा पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

धान खरीदी सीजन नजदीक आते ही कोंडागांव जिला प्रशासन ने तैयारियों को गति दे दी है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने ग्राम पंचायत मसौरा का दौरा कर धान खरीदी पंजीयन कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पंचायत भवन मसौरा पहुंचकर किसानों के ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और मौके पर ही कई बिंदुओं पर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन के तकनीकी चरणों में आ रही दिक्कतों की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां–जहां तकनीकी समस्या आ रही है, वहां के मुद्दों की सूची बनाकर शासन की तकनीकी टीम को भेजें, ताकि इनका जल्द समाधान किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी किसानों के जीवन से सीधा जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है, इसलिए पंजीयन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूरी तत्परता से निभाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसानों को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, इसके लिए समुचित व्यवस्था और सहायता केंद्र सुनिश्चित किए जाएं।

■ किसानों के पंजीयन कार्य का किया निरीक्षण



### ये अधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव, डीएमओ लोकेश देवांगन सहित कई विभागीय अधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# धान खरीदी उपकेंद्र की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

अखिल भारतीय किसान महासभा, जिला कोंडागांव छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में किसानों ने वर्ष 2025 से ग्राम कबोंगा में धान खरीदी उपकेंद्र शुरू करने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर कोण्डागांव के नाम तहसीलदार को सौंपा। डीएनके मैदान में सैकड़ों किसानों की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष दिनेश मरकाम और किसान नेता अर्जुन नेताम के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। किसानों ने बताया कि वर्ष 2022–23 से ही ग्राम कबोंगा में उपकेंद्र खोलने की लगातार मांग की जा रही है यहाँ तक कि तत्कालीन केशकाल विधायक द्वारा इस संबंध में अनुशंसा भी की गई थी फिर भी 2023 और 2024 दोनों वर्षों में उपकेंद्र संचालित नहीं किया गया। किसानों ने कहा कि अब वर्ष 2025 में भी ग्राम कबोंगा में उपकेंद्र की तैयारी नहीं की जा रही जिससे क्षेत्र के किसानों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वाले किसान मुख्य रूप से ग्राम कबोंगा, कोसागांव, हांथी पखना, सिरसी कलार, कुम्हार बड़गांव सहित आसपास के गांवों से पहुंचे थे। उनका कहना था कि इस क्षेत्र के किसान मुख्य खरीदी केंद्रों से काफी दूरी पर रहते हैं जिससे धान परिवहन में समय, श्रम और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। किसान महासभा ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि इस वर्ष ग्राम कबोंगा में धान खरीदी उपकेंद्र संचालित नहीं किया गया तो अखिल भारतीय किसान महासभा उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। कार्यक्रम में दिनेश मरकाम, अर्जुन नेताम, सरादू सोढ़ी, छबीलाल नेताम, पुनउराम सोरी, राजू वट्टी, शिवराम सोरी, नंदू नेताम, सिरनाथ बघेल, दुआरू नेताम, मानकू नेताम, बालसाय नेताम, सूरज नेताम, बिरसिंग बघेल, दशरथ नेताम सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।



कबोंगा में वर्ष 2025 से धान खरीदी उपकेंद्र संचालित करने की मांग

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष बने रविन्द्र राठौर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

राजधानी रायपुर स्थित भामाशाह भवन में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन का प्रांतीय निर्वाचन उत्साह और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। इस निर्वाचन में प्रदेशभर से सभी जिलों और ब्लॉकों के पदाधिकारी व मतदाता उपस्थित हुए। कोंडागांव जिले से भी जिलाध्यक्ष, पाँचों ब्लॉक अध्यक्षों सहित सभी पदाधिकारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस चुनाव में कुल 186 मतदाताओं में से 183 ने मतदान किया। अध्यक्ष पद की प्रतिस्पर्धा में रविन्द्र राठौर को 116 मत, अजय गुप्ता को 48 मत और अश्वनी कुर्रे को 19 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार रविन्द्र राठौर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पर 68 मतों से शानदार जीत दर्ज कर फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व संभाला।

■ प्रांतीय निर्वाचन संपन्न : 183 मतदाताओं में से 116 मत पाकर राठौर ने दर्ज की बड़ी जीत



### शिक्षकों की हर समस्या होगी प्राथमिकता में: राठौर

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राठौर ने कहा हम शिक्षकों की हर छोटी–बड़ी समस्या का प्राथमिकता से निराकरण कराएंगे। संगठन का उद्देश्य केवल अधिकारों की रक्षा ही नहीं बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षक गरिमा का संवर्धन भी है।

### कोंडागांव प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी

इस प्रांतीय चुनाव में कोंडागांव जिले से जिलाध्यक्ष और सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने भाग लेकर संगठन की एकजुटता का परिचय दिया। सभी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित प्रांतीय समिति को शुभकामनाएँ दीं और संगठन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने का संकल्प लिया।

### अन्य पदों के भी हुए परिणाम घोषित : लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मिसाल

चुनाव के परिणाम के अनुसार उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र हरमुख, सचिव पद पर राजू टंडन, कोषाध्यक्ष पद पर शेषनाथ पाण्डेय निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया पूर्णतः लोकतांत्रिक और पारदर्शी रही, जिसकी निगरानी वरिष्ठ सदस्यों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा की गई। नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव राजू टंडन ने बताया कि फेडरेशन प्रदेश का पहला शिक्षक संगठन है जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक अपने पदाधिकारियों का चुनाव करता है। हमारा लक्ष्य शिक्षकों की आवाज़ को मजबूत बनाना है।

स्वच्छता, स्वास्थ्य और नवाचार के क्षेत्र में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# शाउमा विद्यालय बड़े बेंदरी के विद्यार्थियों ने फिर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जगदलपुर में आयोजित जोन स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बड़े बेंदरी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्राप्त किया।
विद्यालय के प्राचार्य संजय ठाकुर के संरक्षण तथा व्याख्याता अंकित गुप्ता और दिलीप कश्यप के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स से निर्णायकों को प्रभावित किया।

स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विषय पर प्रस्तुत प्रोजेक्ट में जिज्ञासा मानिकपुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प पर गीतांजलि कोर्राम ने भी प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों ही छात्राओं के नवाचार और विषय की गहराई ने निर्णायकों को प्रभावित किया जिसके आधार पर उन्हें राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी जशपुर में भाग लेने के लिए चयनित किया गया है।

**राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला के लिए चयनित हुए छात्र**



### शिक्षक संगोष्ठी में दिलीप कश्यप को मिला द्वितीय स्थान

इस आयोजन में शिक्षक वर्ग की संगोष्ठी प्रतियोगिता में विद्यालय के दिलीप कश्यप ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उनकी प्रस्तुति शिक्षण–प्रशिक्षण में नवाचार और विज्ञान के व्यावहारिक प्रयोगों पर केंद्रित रही।

**विज्ञान मेला में कृष्ण दास और गरिमा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन:** पश्चिम भारत विज्ञान मेला के अंतर्गत व्यक्तिगत प्रोजेक्ट श्रेणी में कृष्ण दास मानिकपुरी ने प्रथम स्थान तथा गरिमा चौहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों विद्यार्थियों की परियोजनाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मकता स्पष्ट झलकती रही।

### अब राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में करेंगे प्रतिनिधित्व

विजेता विद्यार्थी आगामी राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में 12 से 15 नवंबर 2025 तक जशपुर में विद्यालय और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### विद्यालय परिवार ने दी बधाई

विद्यालय के प्राचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि बड़े बेंदरी विद्यालय के विद्यार्थी निरंतर अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार से विज्ञान के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर शिव कुमार तिवारी, नरेंद्र लोंहरे, अली बक्श शेख, राजकुमार तिग्गा, सरिता मांझी, तनुजा देवांगन, मदन सोनेवारा, निर्मल सिन्हा, धनपत नेताम, किरण पोया, कमलेश साहू, कल्पना पैकरा, रुपाली शुक्ला, वंदना भोय, अमर मरकाम, भूनश्वर सूर्यवंशी, अनंत चौरे, अमजद पोयाम, दीपक ध्रुव सहित संपूर्ण स्टाफ ने विजेता विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी।

### 25 साल में धान का समर्थन मूल्य बढ़ गया 6 गुना

**जगदलपुर।** वर्ष 2000 में मोटे धान का समर्थन मूल्य 510 रुपये प्रति क्विंटल था अब 3,100 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच चुका है। इसी प्रकार ग्रेड-ए धान का मूल्य 540 रुपये से बढ़कर 3,100 रुपये हो गया है। छह गुना से अधिक वृद्धि है जिसने किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बना दिया है।

## पेज 11 के शेष...

### 2 बांग्लादेशी लाखों के...

निवास रथ विशाल ताराम एग्रीकल्चर विभाग में पदस्थ के यहाँ सोने की चेन अंगूठी सहित अन्य सामान की चोरी की घटना हुई है।उसके सामने क्वार्टर में एच 12 में गणेश कश्यप के यहां भी चोरों ने ताला तोड़ा गया जो मौके पर नहीं पहुंचे थे। कुछ दिन पूर्व शिवम किराना दुकान में 15 दिन में दो बार सीट कवर काटकर सिगरेट और गुटका नगद राशि लेकर उड़ गए थे। लगभग 50-60 हजार रुपए के समान पार किए थे। नाईकगुड़ा स्थित कॉलोनी में दीपावली के दिन शिक्षक शिक्षिका दीपावली छुट्टी के लिए गृह ग्राम गए थे उसी दौरान सुने मकान में लाखों की चोरी हो गई थी। हनुमान मंदिर एवं गायत्री मंदिर में भी चोरों ने दान पेटी पर हाथ साफ किया था।

इनपुट के आधार पर चल रहा विश्लेषणः सिन्हाः इस मामले में बस्तर एसपी शलभ सिन्हा का कहना था कि बस्तर में बीती रात हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कुछ घरों में ताला तोड़ने की घटना सामने आई है।अपने फॉरेंसिक टीम को और साइबर की टीम को मौके पर भेजा है वहां पर जो भी इनपुट मिला है उनके आधार पर विश्लेषण किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि बाहरी गैंग के द्वारा घटना कारित की गई है। इस तरीके की घटना पहले भी हुई है। जो भी इनपुट मिलाकर प्रयास यह है कि जल्द से जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मतदाता गणना पत्रक का वितरण जारी



**बीजापुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 165 बीजापुर-4 में बीएलओ द्वारा आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा को गणना पत्रक प्रदाय किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवम्बर से प्रारंभ हो चुका है जो 4 दिसम्बरतक जारी रहेगा। इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर वर्ष की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं को पूर्व मुद्रित गणना पत्रक की दो प्रतियाँ प्रदान कर रहे हैं। इन गणना पत्रकों में मतदाताओं का मतदान केंद्र क्रमांकए सरल क्रमांक एवं अन्य विवरण पहले से अंकित हैं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, गणना पत्रक के साथ मतदाताओं से दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा रही है। बीएलओ द्वारा गणना पत्रक की एक प्रति मतदाता को पावती स्वरूप प्रदान की जाएगी, जिसे मतदाता को सुरक्षित रखना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बीएलओ को सभी आवश्यक जानकारी एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो उपलब्ध कराएं और जागरूक नागरिक एवं मतदाता होने का दायित्व निभाएं।

### सीईओ ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**दंतेवाड़ा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जयंत नाहटा की अध्यक्षता में सभी



सी.ई.ओ. जनपद पंचायत, कार्यपालन अभियंता ग्रा.यां.सेवा, एसडीओ, उप अभियंता ग्रा.यां.सेवा, पीओ नरेगा, बीपीएम एनआरएलएम, बीसी आवास, एसबीएम एवं तकनीकी सहायकों की योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)-वर्ष 2024-26 में स्वीकृति हेतु लंबित 930 आवास हितग्राहियों से आवष्यक दस्तावेज संकलित कर 1 सप्ताह के भीतर शतप्रतिशत स्वीकृत करने, पहुँच विहीन क्षेत्रों में दस्तावेज संकलन हेतु रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाकर संकलित कर अविलंब स्वीकृत किए जाने, तथा इस संबंध में जिला समन्वयक, आवास को प्रतिदिन वीसी के माध्यम से समीक्षा करने, 2677 स्वीकृत आवासों में प्रथम किस्त जारी एवं 3896 आवासों को प्लिंथ करने, के साथ-साथ आवास कार्य में रुचि नहीं रखने वाले सचिवों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में विशेष परियोजना- अंतर्गत लक्ष्य अनुसार हितग्राहियों का सर्वे कार्य पूर्ण करने तथा स्वीकृत आवासों में प्रगति लाने, पंचायत सचिवों को आवासों को निरीक्षण कर कोबो एप्प में एन्ट्री किए जाने हेतु सभी सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देषित भी किया गया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत प्रगतिरत सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्यो को पूर्ण कराने, जनपद पंचायतों में मुक्तिधाम निर्माण हेतु प्रस्ताव अविलंब उपलब्ध कराने, व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने तथा प्रति शनिवार स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु प्रचार-प्रसार करने को भी कहा गया।

# ड्रैगन फ्रूट, अमरूद, चकोतरा, पपीता और मिर्च की खेती से लहलहा रही फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

**राज्य बनने के 25 साल में कृषि और सिंचाई में रकबा कई गुना बढ़ा**



बस्तर जो कभी नक्सल की काली छाया और पिछड़ेपन की गहरी खाई में डूबा माना जाता था। आज कृषि के क्षेत्र में एक चमत्कारिक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। छत्तीसगढ़ के इस आदिवासी बहुल इलाके में अब टमाटर और मिर्च की खेती न केवल आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही है बल्कि पड़ोसी राज्यों के बाजारों तक अपनी पहुंच बना चुकी है। अब बस्तर की मिट्टी में ड्रैगन फ्रूट की लालिमा, अमरूद की मिठास, चकोतरा की ताजगी, पपीते का रस और मिर्च की तीखापन लहलहा रही है। 2001-02 में सब्जियों की खेती महज 1,839 हेक्टेयर में सिमटी थी और उत्पादन केवल 18,543 मीट्रिक टन था। आज वही हरियाली 12,340 हेक्टेयर तक फैल चुकी है और 1,90,180 मीट्रिक टन की फसल दे रही है। फलों की बगिया 643 हेक्टेयर से बढ़कर 14,420 हेक्टेयर तक पहुंच गई है जिसका उत्पादन 4,457 मीट्रिक टन से उछलकर 64,712 मीट्रिक टन हो गया। जहां कभी फूलों की खेती शून्य थी, वहां आज 207 हेक्टेयर में 1,313 मीट्रिक टन सुगंध बिखर रही है। मसाले 335 हेक्टेयर से 1,189 हेक्टेयर तक फैले हैं और 9,327 मीट्रिक टन का स्वाद दे रहे हैं।

औषधीय एवं सुगंधित पौधे भी शून्य से शुरू होकर 667 हेक्टेयर में 6,673 मीट्रिक टन तक पहुंच गया हैं। जिले में 3 लाख 80 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में शेडनेट हाउस खड़े किए गए हैं जिनके नीचे 160 से अधिक किसान मौसम की मार से सुरक्षित होकर फसल उगा रहे हैं। करीब 19 हजार वर्गमीटर में पॉली हाउस हैं जहां उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियां और फल पनप रहे हैं। शेडनेट के अंदर 56 किसान एक लाख 47 हजार वर्गमीटर में हाईब्रिड बीज तैयार कर रहे हैं। लगभग 3,536 हेक्टेयर में ड्रिप इरिगेशन सिस्टम बिछाकर पानी की हर बूंद को संरक्षित किया जा रहा है। 20 हेक्टेयर में ड्रैगन फ्रूट की फसल ले रहे है।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर हुआ गरिमापूर्ण आयोजन

# एकता,अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का अमर प्रतीक है राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर माँ दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण, मेंढ़का डोबरा मैदान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना। इस कार्यक्रम के दौरान सांसद महेश कश्यप ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है। हमने हाल ही में राज्योत्सव, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और आज भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ जैसे गौरवपूर्ण अवसरों को एक साथ मनाया है। हमारे देश की महान विभूतियाँ ही हमारी प्रेरणा हैं। यह भूमि देवभूमि कही जाती है क्योंकि यहां त्याग, तपस्या और राष्ट्रसेवा की भावना निहित है। हमें ऐसे महान पुरुषों के जीवन से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

सांसद कश्यप ने आगे कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना बंकिमचंद्र चटर्जी ने की थी। यह गीत हमारे देश की आत्मा है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के समय हर भारतीय के हृदय में जोश और गर्व जगाया। हमें इसे केवल गीत नहीं, बल्कि जीवन का आदर्श बनाना चाहिए। इसके साथ ही सांसदने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि "वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति समर्पण, श्रद्धा और त्याग का प्रतीक है। जब भी हम वंदे मातरम् कहते हैं, तो हमारे भीतर देशभक्ति की नई ऊर्जा संचारित होती है। यह गीत भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का अमर प्रतीक है।

इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी ने अपने उदबोधन में कहा कि आज हम राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" की 150वीं वर्षगांठ का उत्सव मना रहे है यह वही गीत है जिसने गुलामी की जंजीरों से जकड़े एक राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोकर हर भारतीय के मन में स्वतंत्रता की अखण्ड ज्वाला को प्रज्वलित किया। इसके रचयिता बंकिमचंद्र चटर्जी ने इस अमर प्रेरणा परक गीत को रच कर सदैव के लिए अमर हो गए आज हमारा राष्ट्र उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने भी अपने संबोधन में कहा कि यह हम सब के लिए गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां एकत्र हुए है हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि इस राष्ट्रीय गीत के मूल संदेश को जन-जन तक पहुंचाए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# यातायात नियम, साइबर फ्रॉड और नशा से दूर रहने दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन तथा एसडीओपी किरंदुल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भांसी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू द्वारा यातायात नियम, साइबर फ्रॉड और नशा से दूर रहने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भांसी पहुंचकर स्कूल प्रबंधन, प्रभारी प्राचार्य निर्मला तुरखेड़े से संपर्क कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर प्रभारी प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, शिक्षिकाओ एवं समस्त शाला स्टॉफ की उपस्थिति में सभी स्कूली विद्यार्थियों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में व्यापक रूप से जोर देते हुए कहा गया कि सड़क पर चलते समय हम यातायात नियमो का पालन नही करते हैं तो हमें अपनी जान से तक भी गवानी पड़ सकती है और साथ ही साथ परिवार को भी दर्द झेलना पड़ता है। इसी प्रकार नशा से दूर रहने के लिए बताया गया कि नशा कैसे हमारे जीवन और शरीर को बर्बाद कर देता है। समस्त स्टॉफ, छात्र, छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिजनों को भी पालन कराने तथा नशा मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान देने के लिए नशा मुक्ति का शपथ दिलाया गया।

इस दौरान निरीक्षक विजय कुमार राठौर, सउनि राकेश भास्कर, थाना भांसी के अन्य स्टॉफ, व्याख्याता बीना कुमारी, देवप्रसाद ठाकुर, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे विधायक लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बकावंड के ग्राम चीतालुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक लखेश्वर बघेल उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने विधायक का स्वागत कर पुष्पमालाओं एवं पारंपरिक आतिथ्य के साथ अभिनंदन किया।

चीतालुर में आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला बकावंड और डोंगरीगुड़ा की टीमों के बीच खेला गया। यह मुकाबला 12-12 ओवर का था पहले बल्लेबाजी करते हुए डोंगरीगुड़ा की टीम 12 ओवरों में 69 रनों पर ऑल आउट हो गई इसके जवाब में बकावंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 7 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर विजयी हुई। बघेल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा खेल गांव की पहचान बन रहे है आज खेल गांव-गांव की पहचान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि खेल को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए, क्योंकि हार-जीत खेल का हिस्सा होती है उन्होंने दोनों टीमों की सराहना करते हुए कहा कि दोनों ने शानदार प्रदर्शन किया है उन्होंने ग्रामीण युवाओं से कहा कि वे खेल के माध्यम से अनुशासन, सहयोग और एकता की भावना को आगे बढ़ाएं।

## बस्तर ओलंपिक में जीत का जश्न...



**भानपुरी।** बस्तर ब्लॉक मे आयोजित बस्तर ओलंपिक के जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हायर सेकंडरी फरसागुड़ा ने जीता ईनाम।

# राज्य अतिथि शिक्षक का दर्जा देने सांसद को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



सांसद महेश कश्यप के दंतेवाडा जिले में प्रवास के दौरान बस्तर संभाग के स्थानीय अतिथि शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने बस्तर सांसद महेश कश्यप, दंतेवाडा विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुंडामी, शिक्षा समिति अध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नवीन विश्वकर्मा की उपस्थिति में राज्य अतिथि का दर्जा देने और सेवा को निरन्तर रखने ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि स्थानीय अतिथि शिक्षक पिछले 11 वर्षों से जिला स्तरीय परीक्षा उत्तीर्ण कर बस्तर जैसे दूरस्थ अंचलों में अपनी सेवा दे हैं। यह भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री रमन के शासन काल में कलेक्टर के पद से वर्तमान वित्त मंत्री ओ पी चौधरी द्वारा की गई थी । समय समय पर इन्हें उचित लाभ देने का आश्वाशन भी दिया जाता रहा है। शिक्षकों ने बताया कि हम लोग इस पद निरंतर रहेंगे इसी उम्मीद से कार्य करते रहे और अब नौकरी की पात्र उम्र की दहलीज में पहुंच गए हैं।पिछले 11 वर्षों में रिजल्ट में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़त हुई है। दंतेवाडा जैसे दुर्गम क्षेत्र से मेरिट में भी विद्यार्थियों ने अपना नाम स्वर्णाक्षरों से अंकित किया है। न्यूनतम राशि वर्षों से हम काम कर रहे हैं। इस पर शासन को सहानुभूति पूर्वक विचार करते हाय सार्थक निर्णय लें कर 2500 कर्मचारियों के भविष्य और परिवार को सुदृढ़ बनाने हमे राज्य अतिथि का दर्जा देते हुए सेवा को निरन्तर करना चाहिए। इस मसले पर सांसद , विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रतिनिधि मंडल को उचित और उनके हित में यथाशीघ्र निर्णय करने का वायदा भी किया। इस प्रतिनिधि मंडल में, हरजीत ठाकुर , दीपमाला चौहान, प्राचार्य ममता तिवारी, किरण बाजपेई, टोपेस्वर देवांगन, गजेंद्र साहू, रजक, सुनीता साहू, माधुरी साहू , ममता गुर्जर सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बसतर छ.ग.**

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सोमारू राम पिता मुखा राम जाति मुरिया निवास ग्राम भोण्ड द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं/पुत्र/ पुत्री/ मीसी स्व. फूलो बघेल पिता मुखा राम की माता/पिता के मृत्यु दिनांक 10/08/2023 ग्राम भोण्ड मे होना बताते हुए मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 12/11/2025 से 26/11/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — **तहसीलदार बस्तर**

**शपथ पत्र**

मैं मोन्टू राम लेकाल पिता स्व. जगन्नाथ लेकाल आयु 69 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 नगर पंचायत बस्तर, जिला बस्तर का हूं जो कि शपथ पूर्वक निम्न प्रक्थन करता हूं कि :-

1. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 6155 4388 3886 मे मेरा नाम मोन्टू राम लेकाल है जो कि सही है किंतु मेरे बैंक पासबुक एवम अन्य दस्तावेज में मेरा नाम मिठठू राम अग्रवानी दर्ज है जिसे सुधार कर आधार कार्ड के आधार पर सही नाम मोन्टू राम लेकाल करने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापन करता हूं कि कंडिका 1 में दी गई जानकारी सत्य एवं सही है आज दिनांक 07/11/2025 को स्थान जगदलपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**
**मोन्टू राम सोनकर**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 05/ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुलाराम पिता डाकसन जाति माहरा ग्राम सौतपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. हिरनदई निवासी ग्राम सौतपुर तहसील बकावण्ड, जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के माता स्व. हिरनदई पति डाकसन ग्राम सौतपुर का दिनांक 19/12/2019 को मृत्यु हुई है। आवेदक तुलाराम पिता डाकसन जाति माहरा ग्राम सौतपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. हिरनदई का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 24/11/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 08/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 29/ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र कश्यप पिता स्व. कवल सिंग जाति माहरा ग्राम पोरियावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादी मां स्व. बुदाय निवासी ग्राम पोरियावंड तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के दादी मां स्व. बुदाय पति डोमु ग्राम पोरियावंड का दिनांक 20/08/2023 को मृत्यु हुई है। आवेदक महेन्द्र कश्यप पिता स्व. कवल सिंग जाति माहरा ग्राम पोरियावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादी मां स्व. बुदाय का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 14/11/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर**

# खिलाड़ी खेल भावना से खेलें, हार से निराश न हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम




बस्तर क्षेत्र में खेल भावना को प्रोत्साहित करने और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित बस्तर ओलंपिक के तहत विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताएं जारी हैं। इसी क्रम में बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का आयोजन 8 नवम्बर से 9 नवंबर तक नगर के स्वर्गीय राजेंद्र पामभोई स्टेडियम में भव्य रूप से प्रारंभ किया गया। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता के लिए होगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने खिलाड़ियों को हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें, और हारने वाले खिलाड़ी निराश ना हो वे आज नहीं तो कल निश्चित रूप से उनकी जीत होगी। वे अपनी खेल भावना को लेकर आगे बढ़ें। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष ,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सीओ जनपद पंचायत,खंड शिक्षा अधिकारी,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस,बड़ी संख्या में ग्रामीण,जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विशाखापटनम के विशेषज्ञ चिकित्सक शहर में लगाएंगे शिविर



**जगदलपुर।** नारायणा मेडिसिटी विशाखापट्नम के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ टी नारायण राव जगदलपुर पहुंचे। आंध्र समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने स्वागत कर सौजन्य भेंट की। चर्चा के दौरान डॉ राव ने कहा कि बस्तर जैसे वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का सशक्त नेटवर्क स्थापित होना अत्यावश्यक है। उन्होंने आंध्र समाज भवन में शीघ्र निःशुल्क मेडिकल कैम्प आयोजित करने की बात कही। जिसमें विशाखापट्नम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम आकर मरीजों को परामर्श और उपचार सेवा प्रदान करेगी। इस दौरान आंध्र समाज के अध्यक्ष एम जयंत नायडू,सचिव यशवर्धन राव,संयुक्त सचिव एल शिवा प्रसाद,उपाध्यक्ष एम दिगंबर राव,अर्जुन राव, क्रीड़ा सचिव डी कोटेश्वर राव नायडू,कोषाध्यक्ष एल राजरत्नम, एवीर राजू, चप्पा श्रीनिवास,रमेश नायडू, गोपाल नायडू,टी नागेश्वर राव, अनिल राव,सेनापति राजू,राजेश राव,वसंत राव सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बकावंड।** विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में नव युवक न्यू स्टार क्लब टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

# भत्ता की मांग व वेतन निर्धारण में हुई त्रुटियों के निवारण पर दिया जोर

## कंपनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ का हुआ वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ के तत्वावधान में शहर के कल्याण केन्द्र में शनिवार को वार्षिक सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष गगनराज हिरवानी ने की और संचालन महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार देवांगन द्वारा किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार कश्यप, संयुक्त महामंत्री हेमेश्वर पोया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, प्रचार मंत्री गुलाब सिंह देवांगन, सचिव उमेश्वर जैन सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं बस्तर संभाग के उत्तर से दक्षिण तक के सदस्य शामिल रहे। इसमें बस्तर-सरगुजा जोन के विभाजन व उससे जुड़े प्रशासनिक व कर्मचारी मुद्दों की समीक्षा की गई। वरिष्ठ कर्मचारियों की पदोन्नति से संबंधित रुकावटों को दूर करने हेतु आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी। वेज रिवीजन, वेतन संबन्धी विषय पर वेज रिवीजन कमेटी के माध्यम से पत्राचार एवं अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया। कार्यालयीन वर्ग के रिक्त पदों की भर्ती तथा पदोन्नति प्रक्रियाओं में आवश्यक सुधार की मांग की गई। डीइओ, एसओ तथा अन्य पदों से संबंधित सेवा लाभ, अनुक्रमण व वेतन विसंगतियों का समाधान करने हेतु संबंधित प्राधिकरणों के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत करने का निर्णय हुआ। इंजीनियरिंग कर्मियों को प्राप्त 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ते के अनुरूप कार्यालय कर्मचारी को कंप्यूटर भत्ता 3 फीसदी की मांग व वेतन निर्धारण में हुई त्रुटियों के निवारण पर जोर दिया गया। संघ ने यह निश्चय किया कि उपर्युक्त सभी मुद्दों को शीघ्रता से संबंधित विभाग, प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत कर समाधान हेतु प्रयास किए जाएंगे और आवश्यक होने पर अनुवर्ती बैठकें आयोजित की जाएंगी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इन सभी मुद्दों को प्रबंधन स्तर पर उचित माध्यम से प्रस्तुत कर समाधान के लिए पहल की जाएगी। संघ ने यह भी तय किया कि भविष्य में कर्मचारियों के हित से जुड़े विषयों पर लगातार समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाएगा।



### एकता व मजबूती पर दिया बल

संघ के अध्यक्ष हिरवानी ने सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया और संगठन की एकता व मजबूती पर बल दिया। अध्यक्षीय, संघीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी उपस्थित सदस्यों ने संगठन की एकता और कर्मचारियों के हित के प्रति समर्पण व्यक्त किया।

## 2 करोड़ की लागत से बनी आश्रम से नवोदय विद्यालय तक 1.45 किमी सड़क

# सुरक्षित यातायात के लिए सड़क का किया मजबूतीकरण व चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सड़क से लोगों को मिलेगी जाम से राहत



लोक निर्माण विभाग ने दो करोड़ रूपए की लागत से धरमपुरा शिवानन्द आश्रम से नेगीगुड़ा से नवोदय विद्यालय तक 1.45 किमी मार्ग का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण किया गया। लोक निर्माण विभाग ने मार्ग का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण किया है, जिससे सड़क की क्षमता बढ़ी है और यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। इस प्रकार के कार्य सड़क नेटवर्क को बेहतर बनाने, पुराने और जर्जर मार्गों को ठीक करने और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक एक जगदलपुर अंतर्गत धरमपुरा शिवानन्द आश्रम से नेगीगुड़ा से नवोदय विद्यालय तक मार्ग का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य 1.45 किमी लंबाई अनुमानित लागत दो करोड़ रूपए लगभग पूर्णता की ओर है। यह मार्ग जगदलपुर चित्रकोट मार्ग के पांचवें किमी पर स्थित पल्ली नाका से शिवानन्द आश्रम से ग्राम नेगीगुड़ा से महिला पालिटेक्निक के पास नवोदय विद्यालय तक 1.45 किमी की लम्बाई में हैं। वर्तमान बढ़ते यातायात को सुगम रूप से संचालित करने हेतु क्षेत्रीय ग्रामीणों की मांग पर एवं विधायक किरण सिंह देव के सकारात्मक प्रयासों से इस जन उपयोगी मार्ग को 3.75 मीटर की चौड़ाई से 5.50 मीटर की चौड़ाई में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया गया है। यह मार्ग शहर के धरमपुरा के उच्च शिक्षा परिसर से होकर गुजरने वाला सुविधाजनक मार्ग है।

### आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

बताया जा रहा है कि बेहतर सड़क और चौड़ीकरण से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आती है। चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण से ग्रामीण क्षेत्रों और जिला मुख्यालयों को जोड़ने में मदद करता है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

### धूल से मिलेगी मुक्ति

स्थानीय नागरिकों ने सड़क के निर्माण को लेकर संतोष जताया है। उनका कहना है कि इससे न केवल यात्रा समय घटेगा, बल्कि बारिश के मौसम में होने वाली कीचड़ और गड्ढों की समस्या से भी निजात मिलेगी। वहीं मौसम खुलने पर इस संकरी सड़क में धूल भी उठता था, लेकिन अब सड़क के चौड़ी होने के कारण धूल से भी मुक्ति मिलेगी।

### आवागमन और सुगम हो जाएगी

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस सड़क का अंतिम लेयर कार्य और किनारों की सफाई का काम पूरा होने के साथ ही इस सड़क पर आवागमन और सुगम हो जाएगी।

# लापरवाही या अरूचि पर स्वयं जिम्मेदार होंगे : यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बकावंड में ब्लाक के संकुल शैक्षिक समन्वयक की बैठक में महत्वपूर्ण योजनाओं पर हुई चर्चा

विकासखंड बकावंड के खंड शिक्षा कार्यालय में सर्व संकुल शैक्षिक समन्वयक की बैठक की गईं। बैठक में खंड स्त्रोत समन्वयक सोहन सिंह कश्यप व अपार आईडी के नोडल प्रभारी चंद्रशेखर नायडू उपस्थित थे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि बैठक में आधार अपडेशन, अपर आईडी विनोबा ऐप अपडेशन, मध्याह भोजन की प्रतिदिन प्रविष्टि, प्रतिदिन समय सीमा में पूर्ण किया जाना है। इस बाबत सभी संकुल शैक्षिक समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार से यदि लापरवाही या अरूचि देखी जाएगी तो वे स्वयं जिम्मेदार होंगे । इस पर कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को नाम प्रस्तावित किया जाएगा।

विकासखंड बकावंड के समस्त शैक्षणिक संस्था प्रभारी को सूचित किया गया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश का पालन शत प्रतिशत समय सीमा में पूर्ण किया जाना है। नियमित समय में शाला में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। अपार आईडी एवं विनोबा ऐप अपडेशन के लिए समस्त संस्था प्रभारी व संकुल शैक्षिक समन्वयको का उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया गया है।

## मोबाईल इकोलॉजीकल एप से दिखाया बाघ की गणना...



**जगदलपुर।** इन्द्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर में अखिल भारतीय बाघ एनटीसीए से एआईजी नन्द किशोर काले, डॉ. अनिल देशलहरे एवं डब्ल्यूएलएल (छत्तीसगढ़ राज्य समन्वयक) से डॉ. अनुप एवं आईटीआर बीजापुर के निदेशक संदीप बलगा द्वारा गणना एंड्रॉयड मोबाईल के एम-स्ट्रीपेस इकोलॉजीकल एप के माध्यम से दिखाया।

# विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक की एकजुटता से परिणाम अच्छे आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल में पालक, शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। प्राचार्य विधु शेखर झा ने कहा कि विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक एकजुट होकर कार्य करें तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं रहता। उन्होंने अभिभावकों से घर पर बच्चों को अध्ययन के लिए प्रेरित करने और किसी भी शैक्षणिक समस्या के लिए विद्यालय से संपर्क करने का आग्रह किया।

पालकों के सुझावों को सूचीबद्ध किया गया। तोकापाल एसडीएम शंकर लाल सिन्हा एवं तहसीलदार यशोदा केतारप ने 11 नवंबर को विद्यालय में आयोजित निःशुल्क दस्तावेज शिविर आधार, आयुष्मान, वय वंदन कार्ड की जानकारी दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

जिला प्रशासन ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्टता को लेकर मिशन 200 का लक्ष्य रखा है। लक्ष्य है कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थी राज्य की टॉप 10 सूची में आएं। इसके लिए विद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है।

# सड़क सुरक्षा मितान व गुड सेमेरिटन का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पुलिस कोआर्डिनेशन सेंटर लाल बाग में कार्यक्रम आयोजित
- सड़क दुर्घटना के घायलों को मदद करने व सड़क दुर्घटना के रोकथाम और बचाव का प्रयास करने वाले हुए सम्मानित





सड़क दुर्घटना के घायलों को मदद करने व सड़क दुर्घटना के रोकथाम और बचाव का प्रयास करने वालों का एसपी शलभ कुमार सिन्हा व डीएसपी यातायात संतोष जैन द्वारा सम्मानित किया गया।

पुलिस कोआर्डिनेशन सेंटर में एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सड़क दुर्घटना के रोकथाम एवं बचाव के साथ घायलों को मदद करने पुलिस के साथ मिलकर कार्य करने वाले 101 सड़क सुरक्षा मितान व 112 गुड सेमेरिटन को बैग के साथ कीट सामाग्री एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी योगेश देवांगन, डीएसपी यातायात संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग, डीएसपी रेडियो बीके दास क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बजांरे, डीएसपी भारसिंह मंडावी के अलावा डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर, डॉक्टर सुश्री गिरीशा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ महारानी अस्पताल व सामाजिक कार्यकर्ता योगेश मिश्रा, महेंद्र सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे जिन्होंने सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं बचाव के बारे में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दिए। साथ ही सड़क सुरक्षा मितान और कैसे अधिक सक्रिय रूप से घायलों की मदद करने में भागीदार बने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए ताकि घायलों को तत्काल पहुंचे।

डॉक्टर गिरीशा द्वारा सड़क दुर्घटना के घायलों की प्राथमिक रूप से कैसे सीपीआर देकर जान बचाई जा सकती है अथवा एंबुलेंस आने या अस्पताल पहुंचाने तक घायल व्यक्ति की जान को कैसे सुरक्षित कर सकते है बताया गया। सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्ति का अत्याधिक रक्तस्राव या चोट पहुंचे अंग को घायल की मदद या बचाव करते समय कैसे सुरक्षित कर सकते इसके बारे में भी डेमो के माध्यम से जानकारी दी गई।



### सुरक्षा मितान का करें गठन : एसपी

एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा उपस्थित सड़क सुरक्षा मितान एवं गुड सेमेरिटन को सम्मानित करने के साथ साथ उनसे आग्रह किया कि इसमें और अधिक संख्या में हर गांव कस्बों में सड़क सुरक्षा मितान का गठन के साथ भागीदारी बढे। ताकि ऐसे किसी भी घटना पर मदद तत्काल पहुंचे। एसपी ने कहा कि लोगों जीवन को बचाना ही सबसे बड़ा मानव सेवा है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

### गुड सेमेरिटन लॉ एक नया कानून

एसपी ने बताया कि गुड सेमेरिटन लॉ एक नया कानून है इसके बारे में अधिक से अधिक जाने और लोगों को जागरूक करें। गुड सेमेरिटन लॉ

सड़क दुर्घटना के घायलों की मदद करने वाले को प्रोत्साहित करने के साथ साथ कानूनी सुरक्षा भी प्रदान करता है। इसलिए सड़क पर घायल व्यक्ति दिखने पर बिना किसी डर के घायल की जीवन बचाने के लिए पूरी प्रयास करते हुए उसे अस्पताल ले जाने में भी मदद करें। साथ ही दुपहिया चलाते समय हेलमेट का उपयोग आवश्य करें। ओवर स्पीड या ओवर टेक से बचें, नशे की हालात में वाहन न चलाएं। हमेशा ट्रैफिक नियमों के प्रति सजग रहकर लोगों को भी जागरूक करें। उक्त कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा मितान, गुड सेमेरिटन के अलावा यातायात, परिवहन के स्टाफ व सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।




# हरि नाम संकीर्तन और जय श्रीकृष्ण के स्वर गूंजते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नगर के सीताराम शिवालय में चल रहा 8 दिवसीय कथा





नगर के श्री सीताराम शिवालय में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के अंतर्गत कथा व्यास आचार्य सुमित भारद्वाज ने रविवार को गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, श्रीराम कथा और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का अद्भुत वर्णन किया। श्रद्धालुओं से भरे पंडाल में जब कथा के प्रसंगों का रसपान कराया गया तो वातावरण भक्तिमय हो उठा। हर ओर हरि नाम संकीर्तन और जय श्रीकृष्ण के स्वर गूंजते रहे। आचार्य सुमित ने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए कहा कि किस प्रकार हाथीराज गजेंद्र जब मगर के चंगुल में फंस गया तो उसने अपने सामर्थ्य से संघर्ष किया, लेकिन असफल रहने पर अंत में भगवान विष्णु को पुकारा। भक्त की पुकार पर श्रीहरि ने तुरंत प्रकट होकर गजेंद्र का उद्धार किया। इस कथा के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि जब भी जीव अपनी सीमित शक्ति को छोड़कर पूर्ण समर्पण भाव से ईश्वर को याद करता है, तब भगवान स्वयं उसकी रक्षा के लिए आते हैं। कथा व्यास ने वामन अवतार प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि राजा बलि ने वामन रूप में आए भगवान को तीन पग भूमि का वचन दिया। भगवान ने अपने विराट स्वरूप में दो पग में धरती और आकाश नाप लिया तथा तीसरा पग राजा बलि के सिर पर रखकर उन्हें पाताल भेजा। इस कथा से आचार्य ने त्याग, दान और विनम्रता का महत्व समझाया। श्रीमद भागवत कथा में आगे आचार्य सुमित भारद्वाज ने श्रीराम कथा का संक्षिप्त वर्णन करते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों को सामने रखा। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन धर्म, सत्य, कर्तव्य और करुणा का अद्वितीय उदाहरण है, जिसे अपनाकर मानव जीवन सार्थक बन सकता है।

